



# राहगीर से हुई लूट का 36 घंटे के भीतर किया पर्दाफाश

## 03 आरोपियों को किया गिरफ्तार, लूट की सम्पूर्ण राशि 5000 रुपये नगदी व आरोपियों के मोबाईल कीमती लगभग 45000 रुपये के किए जप्त

नवभारत न्यूज

**खरगोन। पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर ( ग्रामीण ) श्री अनुराग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा जिला खरगोन में लूट एवं अन्य सम्पत्ति संबंधी अपराधो की घटनाओ की पतारसी एवं अंकुश लगाने के निर्देश दिये गये थे ।**

वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देर्शो के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन मे जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य मे थाना मंडलेश्वर पुलिस टीम ने 36 घंटे के भीतर लूट की घटना का खुलासा करने मे बड़ी सफलता मिली है ।

दिनांक 04.07.2025 को थाना मण्डलेश्वर पर फरियादी गणेश निवासी ग्राम वणी ने सूचना दी कि, 04 अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा ग्राम नान्द्रा टेंची ग्राउण्ड के पास उसके साथ मारपीट तथा छीन झपटी कर



5000 रूपये व एक मोबाईल रेडमी कम्पनी का मोबाईल लुट कर ले गये है । सूचना प्राप्ति पर थाना मण्डलेश्वर पर अपराध क्रमांक 202/2025 धारा 309(4), 309(6) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।

वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा लूट की घटना को गंभीरता से लेते हुए एसडीओपी मण्डलेश्वर श्री मनोहर गवली के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी मण्डलेश्वर उनि दीपक यादव के नेतृत्व मे पुलिस थाना मंडलेश्वर से पुलिस टीम का गठन कर तत्काल अज्ञात आरोपियों की तलाश करने व घटना का खुलासा करने के लिए निर्देशित किया गया । प्राप्त निर्देशों के परिपालन मे गठित पुलिस टीम के द्वारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया व मौके पर कुछ मत्वपूर्ण साक्ष्यों को जुटाया गया साथ ही फरियादी से विस्तृत चर्चा कर अज्ञात आरोपियों के हुलिये के बारे मे जानकारी भी जुटाई गई ।

पुलिस टीम के द्वारा उक्त लूट की घटना मे घटना स्थल पर आने जाने वाले सभी संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेज भी खंगाले गए व मुखबिरों को भी जानकारी एकत्रित करने के लिए लगाया गया । परिणामस्वरूप पुलिस टीम को मुखबिर से सुचना प्राप्त हुई कि, लूट की घटना मे शामिल आरोपी वाचू पॉइंट रोड पर प्लांट नंबर 03 के पास देखे गए है । प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम को वाचू पॉइंट तत्काल रवाना किया गया जहां पुलिस टीम को 04 संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए जो पुलिस टीम को देख कर भागने लगे । पुलिस टीम के द्वारा मौके पर 03 व्यक्तियों को पकड़ा गया व चौथा मौके पर से भाग निकला ।

उक्त प्रकरण मे एसडीओपी मण्डलेश्वर श्री मनोहर गवली के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी मण्डलेश्वर उनि दीपक यादव के नेतृत्व मे उनि. प्रवीण निकुम, सउनि. लक्ष्मीनारायण बडोदिया, सउनि. रमेश वास्कले, प्र.आऱ. 634 दिनेश, प्र.आर. 536 गुमानसिंह , प्र.आऱ. 754 फारुख, आर. 287 अमित, आऱ. 821 अभिषेक, आर. 480 आशिष भायल, आर. 537 शैलेष, आऱ. 250 शिवकुमार, आर. 309 राजकुमार, सैनिक 77 चेतन व सायबर सेल से अभिलाष डोंगरे का विशेष योगदान रहा ।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

1. जयपाल उर्फ जगदीश पिता देवाराम रबारी उम्र 18 साल निवासी ग्राम वालराई तहसील राने जिला पाली राजस्थान
2. मोहनलाल पिता राणाराम रबारी उम्र 18 साल निवासी बडगाँवडा तहसील सुमेरपुर जिला पाली राजस्थान
3. नारायण पिता लालाराम रबारी उम्र 20 साल निवासी ग्राम हिंगोली तहलील सुमरेपुर जिला पाली राजस्थान

### तीनों को थाने लाकर पृथक-पृथक पूछताछ

पुलिस टीम के द्वारा पकड़े गए तीनों व्यक्तियो से उनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम 1. जयपाल उर्फ जगदीश पिता देवाराम रबारी उम्र 18 साल निवासी ग्राम वालराई तहसील राने जिला पाली राजस्थान 2.मोहनलाल पिता राणाराम रबारी उम्र 18 साल निवासी बडगाँवडा तहसील सुमेरपुर जिला पाली राजस्थान 3 .नारायण पिता लालाराम रबारी उम्र 20 साल निवासी ग्राम हिंगोली तहलील सुमरेपुर जिला पाली राजस्थान का होना बताया । पुलिस टीम के द्वारा तीनों को अभिरक्षा मे लेकर थाने लाकर पृथक-पृथक पूछताछ करने पर उन्होंने उक्त लूत की घटना को कारित करना स्वीकार किया । पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों के कब्जे से लूट की सम्पूर्ण राशि नगदी 5000/- रुपये नगदी व आरोपियों के मोबाईल कीमती लगभग 45000/- रुपये के किए जप्त को नियमानुसार विधिवत जप्त कर आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है ।

## एक नजर में

### पुण्यतिथि पर 50 ग्रामीणों ने दूसरों का जीवन बचाने किया रक्तदान



**खरगोन।** जिले के मंडलेश्वर स्थित ग्राम सोमाखेड़ी में शनिवार को ग्राम के समाजसेवी स्व. लक्ष्मी नारायण पाटीदार की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संत सिंगाजी मंदिर परिसर में आयोजित शिविर में सिकल सेल, ब्लड प्रेशर, शुगर, ब्लड ग्रुप जांच शिविर की गई। जिला रक्त कोष के डॉ. विनय सिंह चौहान ब्लड बैंक आधिकारी प्रभारी सचिन चौहान ने बताया रक्तदान न केवल जीवन .दायिनी प्रक्रिया है, बल्कि यह मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण भी है। यह एक सरल एवं सुरक्षित प्रक्रिया है, जिससे प्रतिवर्ष हजारों रोगियों को नया जीवन मिलता है। शिविर में एक महिला स्नेहा पति देवेंद्र गीते सहित के गांव के 50 लोगों ने दूसरों का जीवन बचाने रक्तदान किया। शिविर में डॉ. हरीश पाटीदार की टीम द्वारा रक्त परीक्षण किया गया, जिसमें 17 लोगों ने सिकलसेल की जांच करवाई एवं 36 लोगों ने शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच। डॉ. आनंद सिंह मंडलोई का विशेष सहयोग रहा।

### साथी अभियान अंतर्गत आधार कार्ड बनाने समीक्षा बैठक सम्पन्न

**खरगोन।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में जिला साथी इकाई समिति का गठन किया गया है। इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य सड़कों पर या बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले उन बच्चों की पहचान की गई हैं, जिनके पास आधार कार्ड नहीं हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर की सचिव सुश्री प्रीति जैन की अध्यक्षता एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री चन्द्रेश मण्डलोई के समन्वय में साथी अभियान में सम्मिलित विभागों जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला पंचायत के कार्यपालन अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई के नोडल एसडीओपी खरगोन पैनल अधिवक्ता एवं पैरालीगल वालेन्टियर्स के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिसमें सदस्यगणों को साथी अभियान के अंतर्गत चिन्हित किये गये बच्चों के आधार कार्ड बनाये जाने के आवश्यक निर्देश दिए गए, जिससे उन बच्चों के आधार कार्ड बनाए जा सके।

बैठक में श्री शैलेन्द्र कानूडे जिला शिक्षा अधिकारी खरगोन, डॉ. चन्द्रजीत सावले जिला स्वास्थ्य अधिकारी, श्री कैलाश सस्त्या तहसीलदार महेश्वर, श्री दिनेश सोनारलिया तहसीलदार खरगोन, श्री शिवराम कनासे तहसीलदार बड़वाह, श्री रविन्द्रसिंह चैहान तहसीलदार भीकनगांव, श्री मुकेश मचार तहसीलदार सनावद, श्री महेन्द्रसिंह दांगी तहसीलदार ग्रामीण खरगोन, श्री कैलाश डामर तहसीलदार कसरावद, श्री एसके शिंदे परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास महेश्वर, ज्योति खेड़े महिला एवं बाल विकास पैनल अधिवक्ता, प्रीति ठाकुर पैरालीगल वालेन्टियर, दीपमाला शर्मा एवं रानी मालवीय उपस्थित रहे।

### ठिबगाँव बुजुर्ग व कुंडिया में नल-जल योजनाओं के संचालन व पेयजल गुणवत्ता का प्रशिक्षण

**खरगोन।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह निर्देशानुसार तथा कार्यपालन अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री राहुल सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में 05 जुलाई को विकासखंडगोगांवा की पंचायत ठिबगाँव बुजुर्ग एवं कुंडिया में नल-जल योजनाओं के संचालन, संधारण एवं पेयजल गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में पीएचई विभाग के विकासखंड समन्वयक विजय पाटीदार, रसायनज्ञ रामचंद्र यादव तथा एनआरएलएम ब्लॉक प्रबंधक गजेंद्र राठौड़ द्वारा पेयजल की गुणवत्ता जांच, क्लोरिनेशन की प्रक्रिया, नल-जल योजना के सुचारू संचालन एवं संधारण की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में महिला स्व सहायता समूह के सदस्य एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे। ?

### कलेक्टर सुश्री मित्तल ने बिटिया का यू-विन पोर्टल पर पंजीयन कर टीकाकरण अपडेट कराया

**खरगोन।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने *05 जुलाई* को प्रेरणादायक पहल करते हुए अपनी बिटिया का पंजीयन भारत सरकार द्वारा संचालित यू-विन पोर्टल पर करवाया। इस दौरान उन्होंने पूर्व में किए गए समस्त टीकाकरण को भी पोर्टल पर अपडेट कराया। यह कार्य जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनुपम अत्रे एवं वीसीसीएम यूएनडीपी आदित्य चौरे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। यू-विन पोर्टल के माध्यम से देश के किसी भी हिस्से में हितग्राही अपने टीकाकरण का पंजीयन एवं रिकॉर्ड अपडेट कर सकते हैं। टीकाकरण के पश्चात हितग्राही को तुरंत ही एक ऑनलाइन प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाता है, जिसमें उनके सभी टीकों की जानकारी उपलब्ध रहती है। यह सुविधा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जिससे उन्हें देशभर में कहीं भी टीकाकरण की पूर्ण सुरक्षा मिलती है।

### कसरावद पुलिस ने 7 वर्षीय बालिका को 24 घंटे में ढूंढकर सकुशल किया परिजनों के सुपुर्द

**कसरावद** . पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा नाबालिग बालक व बालिकाओं को अधिक से अधिक दस्तायबी करने हेतु निर्देशित किया गया था । प्राप्त निर्देशों के परिपालन मे पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना के निर्देशन व. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन मे समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारीयों को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । 04.07.25 को थाना कसरावद पर फरियादी निवासी एकलधारिया ने सूचना दी कि, उसकी लड़की उम्र 07 साल को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर साथ ले गया है । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना कसरावद पर अपराध क्रमांक 274/25 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । पुलिस टीम के द्वारा तत्काल मौके पर पहुँच कर संदेही की जानकारी जुटाई गई जिसमे पुलिस टीम को ज्ञात हुआ कि, बालिका को दिनेश पिता राजू कटारे उम्र 34 साल निवासी पंथ बडदिया थाना बेटमा जिला इन्दौर अपने साथ ले गया है । प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम को तत्काल रवाना किया गया जहां पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस की सहायता से आरोपी को गिरफ्तार किया गया, आरोपी के कब्जे से बालिका को सकुशल दसत्याब कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है । बालिका के कथनों के आधार पर प्रकरण मे अग्रिम विवेचना जारी है उक्त की गई कार्यवाही मे एसडीओपी मण्डलेश्वर श्री मनोहर गवली के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन के नेतृत्व में उनि जितेन्द्र कवचे, प्रआर.659 महेश मालवीय, आर.622 मुकेश मुवेल, आर.451 रुगनाथ, आर.776 रामू एवं सायबर सेल खरगोन का विशेष योगदान रहा ।



## नई शिक्षा नीति की शिक्षकों को बताई बारीकियां

नवभारत न्यूज

**खरगोन। सामाजिक विज्ञान, विज्ञान व गणित विषय की पाठयपुस्तक उन्मुखीकरण के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शनिवार को बीआरसी कार्यालय कसरावद व कोविड सेंटर में हुआ।**

मास्टर ट्रेनर सुदेश भालसे व सीताराम एस्के ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 में सामाजिक विज्ञान अध्यापन की बारीकियों के बारे में बताया। श्री भालसे ने बताया कि नई शिक्षा नीति अंतर्गत नई पाठयपुस्तक जारी की गई है। इसमें विषय वस्तु को रोचक रूप से अध्यापन करवाने के लिए आवश्यक पाठ्यवस्तु समाहित की गई है। वहीं विज्ञान के मास्टर ट्रेनर वीरेंद्र मंडलोई व कनक बघेल, गणित मास्टर ट्रेनर प्रवीण गुप्ता व गजराज चौहान ने एनसीएफ 2023 संबंधित जानकारी दी। बीआरसी राजाराम कांदोडे ने सभी शिक्षकों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति अनुसार अध्यापन करवाने के लिए प्रेरित भी किया। प्रशिक्षणार्थी उमेश ठाकुर द्वारा प्रेरक गीत की प्रस्तुति दी गई। शिक्षकों को समूह बनाकर पाठ योजना का प्रस्तुतीकरण भी करवाया गया। इस दौरान ब्लॉक के समस्त विषय शिक्षक प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।


## आज होगा श्री पूर्णानंद चरितम् ग्रंथ का विमोचन

### गुरुपूर्णिमा निमित्त संतश्री पूर्णानंद बाबा के जीवन चरित्र का होगा प्रचार- प्रसार

नवभारत न्यूज

**खरगोन। शहर के कसरावद रोड़ स्थित संतश्री पूर्णानंद बाबा की तपोस्थल इंद्रटेकड़ी पर 6 जुलाई देवशयनी एकादशी से गुरुपूर्णिमा महोत्सव की शुरुआत होगी। श्री श्री 1008 श्री पूर्णानन्द बाबा संस्थान ट्रस्ट अध्यक्ष अजय भट्ट, सचिव दिलीप सिंह चौहान, नाथूलाल पाटीदार, मधुसूदन यादव, अनिल जोशी ने बताया ने बताया सुबह लघुरुद्राभिषेक होगा।**

दोपहर में श्री पूर्णानन्द बाबा के अलौकिक एवं दैवीय गुणों को जन मानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से आचार्य दिलीप कर्पे द्वारा रचित सन्त चरित्र ग्रंथ पूर्णानंदचरितम् का विमोचन समारोहपूर्वक होगा। आयोजन प्रभारी राकेश राणा ने



बताया कि यह पश्चिम निमाड़ जिले का पहला संत चरित्र ग्रंथ है, जिसका रविवार दोप. 3 बजे इंद्र टेकड़ीपरिसर में विधायक बालकृष्ण पाटीदार, श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर श्री गुरु बालकदास महाराज लोहा लंगड़ी नावघाट खेड़ी, पद्मश्री जगदीश जोशीला, वरिष्ठ साहित्यकार पंडित लोकेश शुक्ल भागवताचार्य बुरहानपुर एवं योगेशजी महाराज बालीपुर धाम के हस्तकमल से विमोचित किया जाएगा। कार्यक्रम के सूत्रधार पं. संजय भट्ट भागवत कथाकार रहेंगे। 7 और 9 जुलाई तक श्रीरामायण महायज्ञ होगा। 10 जुलाई को गुरुपर्व पर विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा। इस अवसर पर लाखों भक्त आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचते हैं। मंदिर में गुरुपूर्णिमा पर लाखों भक्तों के पहुंचने के चलते ग्राम सेवा समितियों गठन कर जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। यहां 10 ग्रामों के 1000 स्वयंसेवक भंडारा, दर्शन, पेयजल, प्रसादी वितरण आदि व्यवस्थाएं संभालेंगे। इस दौरान एक दिवसीय मेले का आयोजन भी होगा।

## निराश्रित वृद्धों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**खरगोन।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर की सचिव सुश्री प्रीति जैन के निर्देश पर वृद्धाश्रम महेश्वर में रह रहे वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महेश्वर आयुष हॉस्पिटल के चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास डोंगरे ने वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। पैरामेडिकल टीम द्वारा भी अभी वृद्धजनों के रक्त नमूने लेकर बीपी शुगर की जांच की गई इसके पश्चात आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई। आश्रम के प्रभारी जगदीश रनसोरे ने बताया कि विगत दिनों सचिव न्यायाधीश द्वारा वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने का निर्देश दिया गया था उसी निर्देश के अनुसार स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## विद्यार्थियों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ, विद्यार्थी बोले : पालकों को करेंगे जागरुक

नवभारत न्यूज

**खरगोन। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों को यातायात नियमों का पालन कराने के लिए शहर के जैतापुर स्थित विनय बाल मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**




यहां यातायात थाना प्रभारी रमेश सोलंकी ने बताया कि यातायात नियमों के पालन से सड़क दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। स्कूल संचालक उज्जवल अत्रे ने कहा कि पुलिस ने छात्र.छात्राओं को जागरुक किया है, ताकि वे अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति सजग कर सकें। निश्चित इस अभियान से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने के साथ ही लोग नियमों का पालन करने के लिए प्रेंरित होंगे। विद्यार्थियों ने कहा कि हम खुद वाहन संचालन के दोरान इन नियमों का पालन करेंगे साथ ही अपने परिजनों, रिश्तेदारों और परिचितों को भी नियमों का पालन करने का आह्वान करेंगे। इस दौरान शाला के प्राचार्य एवं प्रआर. 705 मोहन बर्फा, आरक्षक 03 सुनिल ने छात्र.छात्राओं को पंपलेट बांटे।



## तलाई के ताजिये पर चला मन्नतों का दौर, जुलूस के रुप में निकला चल समारोह

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** इमाम हुसैन की याद में मनाए जा रहे मोहरर्म के दौरान शहर के तलाई मार्ग पर मन्नतों का वाला ताजियां आस्था का केंद्र बना हुआ है। यह ताजिया हिंदू.मुस्लिम एकता का प्रतीक होकर मोहरर्म के दौरान सैंकड़ों लोग इस पर मन्नतें उतारते हैं। शनिवार को यहां सुबह से देरशाम तक मन्नतें उतारने का दौर चला। शाम को इस मन्नत वाले ताजिये का चल समारोह भी निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मोहर्रम कमेटी से मिली जानकारी अनुसार शनिवार को संजय नगर और आनंद नगर से अखाड़े निकाले गए। लाव लश्कर से निकले दोनों ही अखाड़ों में कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब का प्रदर्शन किया। युवा और बच्चे कव्वालियों पर झूम रहे थे।

## एक नजर में
### प्रसव केंद्रों पर पदस्थ मेडिकल ऑफिसरों की समीक्षा बैठक

# 25 जुलाई तक प्रसव केंद्र क्रियाशील करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**खरगोन। 05 जुलाई को कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागृह में समस्त मेडिकल ऑफिसर एवं इंचार्ज नर्स की बैठक का आयोजन किया गया है। इस दौरान कलेक्टर द्वारा प्रसव केंद्रवार समीक्षा की गई है। जिले में कुल 49 प्रसव केंद्र है, उसमें से जो प्रसव केंद्र क्रियाशील नहीं है,उन्हें क्रियाशील करने के निर्देश दिए गए हैं।**



कलेक्टर सुश्री मित्तल ने विशेष तौर पर भीकनगांव विकासखंड के ग्राम दौड़वा, भगवानपुरा विकासखंड के ग्राम देवनालिया, झिरन्या विकासखंड के ग्राम मलगांव, कसरावद विकासखंड के ग्राम मगरखेड़ी , गोगावा के ग्राम नागझरी एवं बड़गांव प्रसव केंद्रो पर समस्त प्रकार के उपकरण एवं मानव संसाधन की पूर्ति करते हुए तत्काल प्रसव केंद्र 25 जुलाई तक क्रियाशील करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में मेडिकल ऑफिसर द्वारा बताया गया कि कुछ प्रसव केंद्रो पर ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, वार्मर, सक्शन मशीन, क्रेश कार्ड, मेडिसीन ट्रे, बेड, ऑटो क्लेव, ड्रम, उपलब्ध नहीं है, उन्हें तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला स्टोर शाखा प्रभारी को दिए गए है। जिन प्रसव केंद्रो पर उपकरण खराब है, उन्हें जिला कार्यालय के स्टोर शाखा में जमा कराने को कहा गया है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्टान का भवन मरम्मत के लिए इंजीनियर को एस्टीमेट तैयार करने को कहा गया है द्य शिशु मृत्यु दर को कैसे रोका जाए इस संबंध में ऑनलाइन वीसी के माध्यम से बताया गया हैल बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहन सिंह सिसोदिया, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चंद्रजीत सावले, सिविल सर्जन डॉ. राजकुमारी देवड़ा, जिला टीकाकरण अधिकारी प्रभारी डॉ. अनुपम अत्रे, डीपीएम प्रतीक पंजारे आदि उपस्थित थे।

### श्वान के काटने पर संस्था पर ही उपचार मिले

वर्षा ऋतु को देखते हुए सभी संस्था पर सांप के काटने एवं श्वान के काटने पर संस्था पर ही उपचार मिल सके इसके लिए सभी संस्था पर पर्याप्त मात्रा में रेबीज इंजेक्शन एवं एंटीरिज्म इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं इसकी जिम्मेदारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर चंद्रजीत सांवले को दी गई है।